टाइम्स ऑफ़ पीडिया

ٹائمس آف پیڈیا

TIMES OF PEDIA

NEW DELHI Page 12 Price ₹ 3.00

अनोखे अंदाज़ और निराले तेवर के साथ इंसाफ़ की डगर पर

www.timesofpedia.com

WEEKLY HINDI ENGLISH URDU

WED 27 OCT - TUE 02 NOV, 2021 | VOL. 9. ISSUE 45 | RNI No. DELMUL/2012/47011

भाजपा के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं है उपचुनाव

नई दिल्ली : 14 राज्यों में तीन लोकसभा और 29 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव परिणाम भाजपा के लिए अग्निपरीक्षा साबित हुए हैं। लोकसभा की तीन में से उसे एक ही सीट मिली। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हार के लिए महगाई को मुख्य कारण बताया। विधानसभा सीटों में उसे सहयोगियों के साथ मिश्रित सफलता मिल सकी। हिमाचल और बंगाल में उसका प्रदर्शन सोचनीय रहा। हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया तो भाजपा ने मध्यप्रदेश की खंडवा सीटी जीती। शिवसेना ने दादरा व नगर हवेली सीट पर जीत हासिल कर भाजपा को झटका दिया।

प. बंगाल में उसने दोनों सीटें गंवाई, यहां टीएमसी ने चारों सीटों पर कब्जा कर लिया। वहीं हिमाचल में भी उसे बड़ी हार मिली है। न सिर्फ मंडी लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया बल्कि विधानसभा सीटों पर भी कांग्रेस ने ही परचम लहराया। राजस्थान में भी उसे कोई सीट नहीं मिली। राजस्थान में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए दोनों सीटें अपने नाम कीं।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने भाजपा से रैगांव सीट छीन ली है। जोबट में कांग्रेस से दो बार विधायक रहने के बाद भाजपा में शामिल हुई सुलोचना रावत ने कांग्रेस के महेश पटेल को हरा दिया है। रैगांव में कांग्रेस की कल्पना वर्मा और पृथ्वीपुर में डॉ. शिशुपाल यादव ने जीत हासिल कर ली है। खंडवा संसदीय सीट पर भाजपा ने कब्जा कायम रखा है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने 30 अक्टूबर को हुए उपचुनावों में भाजपा को रिकॉर्ड अंतर से हराते हुए राज्य की सभी चार सीटें अपने नाम कर लीं।

पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने की केंद्र की घोषणा एक नाटक के अलावा कुछ भी नहीं है. पहले रेट बढ़ा दिए फिर थोड़ा सा कम कर दिया जिससे सरकार मूर्ख जनता का भरोषा लेना चाहती है. उपचुनाव में मिली हार केन्द्र सरकार के लिए मंथन का विषय है.

—आईटीएन

Ali Aadil Khan - Editor's Desk

फ़क़ीर का कटोरा और देश भक्ति...

दोस्तो आपके पास वोट था, आपने फकीर को दे दिया,जोसेवक बनके आया था, फकीर के पास कटोरा था, उसने वो आपको दे दिया, अब आप आत्म निर्भर बनो या भिकारी आपकी मर्जी... वैसे अगर राष्ट्रभक्ति में जनता भिकारी बन भी जाये तो क्या है?? लेकिन नेताओं का कुछ नहीं बिगड़ना चाहिए. हालाँकि आजकल जनता नेताओं की परेड कराने लगी है, और जगह जगह नेताओं को रुस्वा होना पड़ रहा है, और यह लोकतंत्र तथा जनता के लिए और देश के लिए बहुत बेहतर है. जनता के सीनों से गुलामी के एहसास को निकालना ही होगा और किसान आंदोलन ने करके दिखाया है... खैर..

56 इंच के सीने का बड़ा शोर रहा लेकिन उसका लाभ न तो अभी तक विरोधी को हुआ और और न देश को.

असल में तो सीने के अंदर धड़कने वाला जो दिल है उसके साफ और बड़ा होने से बात बनती है की वो कितना इंसानियत, और देश के लिए तड़पता धड़कता है, दूसरों के दर्द को महसूस करने वाला दिल होना चाहिए... वो बिलक्ति और सिसकती आहों को कितना महसूस करता है... बाहर से तो राक्षस का सीना बहुत बड़ा होता है.जो तबाही और नफरत के लिए दिखता है...

भाजपा सांसद और गाँधी परिवार के दुसरे चश्म ए चिराग वरुण गाँधी पिछले दिनों अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर थे वहां उनमें कुछ देर के लिए उनके बाप संजय गाँधी की झलक दिखाई दी जिसमें अड़ियलपन और निडरता थी, और साथ ही किसी भी नतीजे से बेपरवाह दिख रहे थे वरुण, वरुण गांधी को भाजपा की क्रूरता, निरंकुशता और साम्प्रदायिकता को समझने मे सात साल लग गए, वह भी तब जब न तो उनके पास कोई मन्त्रालय रहा और न उनकी माताश्री के पास अब है. खैर, देर आयद दुरूस्त आयद... वरुण मंडी समिति गए किसानो का हाल सुना, अधिकारीयों ला परवाहि देखि तो बिखर गए और खरी खरी सुनाने के बाद धमकी दी तुम सबको जेल भिजवा दूंगा, अदालत जाऊँगा और किसानो को उनकी म्हणत का दाम दिलाऊंगा यह पहली बार देखने को मिल रहा था वहां की जनता को जो एक अच्छा शगुन था, साथ ही बीजेपी खेमे में गुस्से के साथ डॉ और असहजता का बढ़ जाना भी स्वाभाविक था...

किसान आंदोलन में रहेगा खेती पर ध्यान नहीं लगा पायेगा, अनाज की पैदावार में कमी आएगी....तो अनाज की किल्लत होगी और फिर अडानी अपनी मर्जी से कीमत तय करेगा अपने गोदामों के अनाजो,दालों, तिलहन और फलों की.

हिटलर ने कहा था कि नागरिकों को इतना कुचल दो की वो जिंदा रहने को ही अपना विकास समझे, और जान बच जाने में अपनी सफलता... देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और पेट्रोल डीजल के के आसमान छूते दामों पर कुछ लोग पहले से इस बात का माहौल बना रहे थे, की अगर पेट्रोल 200 रूपये लीटर भी होगा तो हम खरीदेंगे देश हित में,नया च्ड हाउस भी क्या देश हित में, PM के 2 नए जहाज भी देश हित में, PM security और आपराधिक मामलों में लिप्त टप्ध सिक्योरिटी में भूकी नंगी जनता का लाखों अरब रुपया देश हित में?? वाह कितना विचित्र विकास और देशभक्ति है, वाह... अरे अगर हमारी सरकारों में बैठे सभी नेता यह कहें की आज से हम भी आम नागरिक की तरह जीवन वयतीत करेंगे, कोई VIP सुविधा नहीं लेंगे मामूली वेतन लेंगे और अपने नागरिकों की सुविधा के लिए रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हर हाल में फ्री करेंगे और नागरिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाता तो यह थी सेवा, यह थी देश भक्ति और यह था आत्म निर्भर भारत के मॉडल...

जब देश में 6 ग्राम ड्रग्स वाले से 25 करोड़ की मांग हो तो,3000 किलो वाले से कितने बने होंगे, क्या आपको इसका अंदाजा है? सरकारी एजेंसियों में भी महंगाई बड़ गई है जाहिर है वो भी तो इसी देश में हैं...

फेकू कुछ तुम भी तो आत्मनिर्भर बनो या सब कुछ भक्तों से ही कराते रहोगे, और कब तक नेहरू और कांग्रेस को कोसकर काम चलाओगे, क्योंकि अब भारत फिर से बदल रहा है और देश New India से Old India की योजना बना रहा है, जैसे कांग्रेस मुक्त भारत से नया इंडिया बना ऐसे ही भाजपा मुक्त से ओल्ड भारत की बात करने लगा है देश जिसकी बानगी उपचुनाव के नतीजों में देखने को मिली है. जिसमें देश की जनता ने भाजपा को नकार दिया है... हालांकि कुछ विश्लेषकों का कहना है की यह EVM को सही साबित करने का हथकंडा है, उपचुनाव को Genuine कराओ और आगामी 5 राज्यों के विधान सभा और 2024 के आम चुनाव में धान्द्ली कराई जा सके ताकि किसी को यह कहने का मौका न मिले की EVM की वजह से चुनाव जीती है भाजपा...

फेकू जी देश और जनता को चूसने का कार्यक्रम कब तक चलेगा, अब तो कुछ देश के भले का काम भी कर लिया जाए, चुनाव भी करीब हैं और वैसे भी जाने का नंबर है, वैसे ये फेकू कौन है, अब जो भी हो... मगर ये लाइन सिर्फ फेकू के लिए ही है... हो सके तो हमारा यह सन्देश हमारे प्रधान मंत्री को भी पहुंचा दें... इस जुमले से जिसको भी परेशानी हो समझ लेना वही फेकू है या फेकू का समर्थक या पार्टी...

रबीन्द्रनाथ जैसे दिखने वाले तो बहुत से लोग हैं, लेकिन उनमें से एक पहले ही कह चुके है आत्मनिर्भर भारत बनाएंगे, मतलब सरकार से कोई उम्मीद ना रखी जाए अपने झगड़े और मसले खुद निबटाओ और खुद की परेशानी खुद झेलो, अपनी रक्षा खुद करो. पार्टी तो सत्ता भोगने आती है और नफरत फैलाने तथा कुछ वर्गों को निमटाने, राज्यों और कुछ जगहों के नाम बदलने आई है, और देश को ठिकाने लगाकर चली जायेगी.

अब रहा डमकपं का मामला तो इनके बारे में एक दर्शक लिखते हैं ष्मेरा जब भी तवायफों का मुजरा देखने का दिल करता है, 10 रूपये का गजरा हाथ में लपेट कर NEWS देखने बैठ जाता हूं यानी गोदी मीडिया वाले Channels देखने बैठ जाता हूँ यहाँ मुझे मुजरा और नाटक सब देखने को मिल जाता है... यह हाल कर दिया है इन तवायफों और भांडों ने... अति दयनीय है यह सब कुछ... देश दुनिया में हमारे भारत का नाम था आज मजाक बनाई जा रही है. अब आप यह करो फकीर का कटोरा वापस कर दो और अपने वोट का सही इस्तेमाल करो, यही राष्ट्र भक्ति और देश प्रेम हैश फिलहाल,शुक्रिया.

Editor/Owner/Printer/Publisher: Ali Aadil Khan, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, ND - 25. **Printed at :** Shobi Offset Press, 2818, Gali Gadhiaiya, Kuchachalan, Daryaganj, ND. - 2

114th URS OF HAZRAT MOHAMMAD NABI RAZA SHAH (QSA)



We are wishing everyone a blessed URS (annual commemoration of passing) of Hazrat Khawaja Mohammad Nabi Raza Shah Qaddas Allahu Sirrahu "QSA" (May Allah sanctify his secret) who is lovingly known as "Dada Miyan." His title was "Asad-e-Jahangir" (The Lion of Jahangir).

He was born in the year 1867 (1284 A.H.) in Bhainsori Sharif, Rampur, Uttar Pradesh, India. The early signs of wilayat (sainthood) in him were that he recited Bismillah to start reading the Holy Qur'an at only 4 years old, and stayed away from childhood games compared to other kids his age. He focused on the different Islamic sciences, and later joined military service. He served in the military for 10 years and resigned when he was 29 years old.

When Hazrat Shah Jahangir (II) Fakhrul Arefin Mawlana Abdul Hai (QSA) came from Chittagong, Bangladesh to Calcutta, India, during one of his travels, he stayed at the home of one of his disciples (mureeds). This is where Hazrat Mohammad Nabi Raza Shah (QSA) met him and became his disciple (mureed).

Hazrat Mohammad Nabi Raza Shah's (QSA) life changed due to the spiritual attention bestowed upon him by Hazrat Fakhrul Arefin Mawlana Abdul Hai (QSA). Hazrat Mohammad Nabi Raza Shah (QSA) would offer prayers the entire night, and keep fast during the day. He was known to offer Fair (dawn prayer) with the wudhu (ablution) of Isha (night prayer). He performed many Chillas (spiritual seclusion for 40 days) to devote himself completely to Allah Subhanahu wa Ta'la for spiritual attainment. He even performed a Chillah at Mirzakhil Sharif in Bangladesh.

After only a few years, Hazrat Fakhrul Arefin (QSA) honored Hazrat Mohammad Nabi Raza Shah (QSA) with Khilafat. Hazrat Mohammad Nabi Raza (QSA) presented himself at Darbar Ajmer Sharif, and later settled in Lucknow, India in the year 1904.

Hazrat Mohammad Nabi Raza Shah (QSA) had a special close connection with his spiritual guide, Hazrat Mawlana Abdul Hai (QSA). Once Hazrat Mawlana Abdul Hai (QSA) said in front of his mureeds, "Ham nae sab kuch Lucknow wale Khan Saheb ko ata kardiya takhe Hindustan ke talib-e-haqq Lucknow mein Hazrat Khawaja Mohammad Nabi Raza Shah ke bargah mein hazir hokar istifaadah hasil karne mein aasani ho," (We have given everything (spiritual) to Hazrat Mohammad Nabi Raza (QSA) so that it is easier for the students of truth in India as they can present themselves in the court of Hazrat Khawaja Mohammad Nabi Raza Shah (QSA) for their spiritual goals).

Hazrat Mohammad Nabi Raza Shah (QSA) was very generous towards poor people and was known to keep himself away from rich people. He said that the love and respect of our Prophet ﷺ is the highest peak of Iman (faith).

He passed away on the 24th of Rabi al-Awwal, 1329 A.H. His spiritual successor was his brother, Hazrat Khawaja Mohammad Inayath Hasan Shah QSA who was also a very accomplished shaykh in his time.

Dua:

O'Merciful Lord accept our supplications;For the sake of King Mohammad Nabi Raza

Ho Dua Maqbool Hamari Sadka E La Thak Nathu,Shahensha E Mohammad Nabi Raza Ke Wasthey

Silsila – E – Aaliya Khushhaliya !!

(Ref: Ejaz-e-Jahangir, pages 1-73).

-ITN

देशवासियों को
दिपावली
के पर्व पर
टाईम्स ऑफ पीडिया
की ओर से
हार्दिक
शुभकामनाएं

NOTICE:
Times of Pedia does not guarantee, directly or indirectly, the quality or efficacy of any product or services described in the advertisements or other material which is commercial in nature in this Newspaper. Furthermore, Times of Pedia assumes no responsibility for the consequences attributable to inaccuracies or errors in the printing of any published material from the news agencies or articles contributed by readers. It is not necessary to agree with the views published in this Newspaper. All disputes to be settled in Delhi Courts only.

Former CAG Vinod Rai and BJP should apologize to the whole country – Sachin Pilot

Former Union Minister, Senior Congress leader, Mr. Sachin Pilot, in a press conference at the State Congress Headquarters today, while making a scathing attack on former CAG Shri Vinod Rai and BJP leaders, said that the 1500 pages decision of the Hon'ble Court's decision has put an end to the lies and the fake story of 2G spectrum and coal scam of about Rs 176 crore during the tenure of Manmohan Singh led government. The biggest thing that happened in this case is that former CAG Vinod Rai, who made the allegation, in his affidavit to the court, has admitted that in the said case we have made factual mistakes and we have lied. Sachin Pilot said that Vinod Rai prepared a concoction to defame and destabilize the Manmohan Singh government, on which the leaders of the Bharatiya Janata Party created a lot of hue and cry and tried to defame it.

Former Union Minister Shri Sachin Pilot said that former CAG Vinod Rai has himself apologized by giving an affidavit to the court holding himself responsible for the factual mistakes. The court gave a clear decision and said that an attempt was made to defame the Manmohan Singh government by lying in the 2G spectrum and coal report. Those who made a ruckus on the fake scam of 2G spectrum and coal are silent and are part of the government today, meaning they were insulting the Congress-led UPA government mandate by lying. Vinod Rai, along with the Prime Minister and other BJP leaders, should apologize to the people of the country.

Responding to the questions, Mr. Pilot said that Priyanka ji is struggling for the respect and justice of farmers, unemployed and women, Uttar Pradesh is sitting on a pile of problems, instead of resolving it, the government is cheating the people by indulging in politics of division. He said that in Uttar Pradesh, our National General Secretary Mrs. Priyanka Gandhi raised her voice against injustice, is fighting against the oppression of farmers, and has stood as a shield for the honor of daughters, change is sure in UP, the public's faith in Congress is getting stronger and stronger. He is impressed by Priyanka ji's leadership ability, her remarks reflect her strong belief that Congress knows how to fulfill its promises and commitment to the people. Targeting the BJP, he said that BJP has spread lies and deceit to get the mandate of public and has tarnished the faith of public shown to them. There is loot by the government in order to benefit their capitalist friends. There is no place for farmers, unemployed youth and women in the agenda of the BJP government. Congress is emerging as a powerful political force capable of dethroning the present government in UP that can be seen in the Pratigya rallys of Priyanka ji.

त्रिपुरा में अल्पसंख्यकों पर हमले के पीछे है वीएचपी और...

त्रिपुरा के उत्तर त्रिपुरा जिले में गुरुवार को एक बार फिर मुसलमान समुदाय पर हमले की घटना सामने आई है. ये हमला उस जगह से थोड़ी ही दूर पर हुआ जहां 48 घंटा पहले एक मस्जिद तोड़ दी गई थी, दुकानें जला दी गईं थीं और अल्पसंख्यकों के घरों में तोड़फोड़ की गई थी. इस हमले के लिए विश्व हिंदू परिषद से के कार्यकर्ताओं को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है. हालांकि पुलिस ने इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया है.

वीएचपी के वरिष्ठ नेता पूर्णाचंद्रा मंडल के मुताबिक उन्होंने त्रिपुरा में कुल 51 जगहों पर बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किए गए थे. उनके मुताबिक हिंसा तब शुरू हुई जब एक प्रदर्शनकारी पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने पत्थर से हमला किया और अशोक कुमार सरकार नाम के एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाना पड़ा. उनका दावा है कि पानीसागर पुलिस स्टेशन में इस घटना के बाद अशोक कुमार की पत्नी रानी शिल सरकार ने शिकायत भी दर्ज कराई गई है.

स्थानीय मुस्लिम समुदाय में बार–बार हो रहे हमलों को लेकर डर का माहौल है, जो कि पूर्वोत्तर राज्यों के लिए नई बात है. साल 2018 में हुए चुनाव में बीजेपी ने सीपीएम के नेतृत्व वाली लेफ्ट सरकार को हराया था. लेफ्ट राज्य पर 25 सालों तक सत्ता में रही थी.

इस घटना से चार दिन पहले राज्य में मुसलमानों के सबसे बड़े संगठन जमाइत उलेमा (हिंद) ने मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब से मुलाकात कर आगह किया था कि ऐसी घटना हो सकती है और हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच शांति को खतरा है. इसी डेलीगेशन का हिस्सा रहे इमाम अब्दुल रहमान ने कहा, अगर पुलिस और प्रशासन ने कड़ाई से परिस्थिति को संभाला होता तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था.

रहमान अगरतला शहर के जामा मस्जिद के मुख्य इमाम भी हैं. त्रिपुरा में मुसलमानों की कुल आबादी 40 लाख है.

उन्होंने कहा, इतिहास की बात करें तो त्रिपुरा में जब राजशाही थी तब भी और 1949 में भारत में विलय के बाद भी धार्मिक हिंसा कभी नहीं हुई है. पहली बार 2019 बैदादीगीह में एक संगठित भीड़ ने मस्जिदों और मुसलमानों पर हमला किया और अब ये पूरे राज्य में हो रहा है.

त्रिपुरा के शाही परिवार के प्रमुख प्रियदत्त किशोर देब बर्मा कहते है कि राज्य में हिंदू–मुस्लिम विभाजन एक

हालिया घटना है जो कि धार्मिक ध्रुवीकरण के जरिए राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है.

वो कहते हैं, त्रिपुरा में कभी हिंदू मुस्लिम के बीच झगड़े नहीं थे, दोनों सालों से शांति से रह रहे हैं और उनके साथ यहां के लोग भी रहते हैं. अब हम देख रहे हैं कि त्रिपुरा में कुछ गुट आ रहे हैं और मस्जिदों को जलाने और मुस्लिमों के खिलाफ नारे लगाने का काम कर रहे हैं.

ष्ये लोग बांग्लादेश के उन लोगों के बहकावे में आ रहे हैं जो चाहते हैं कि वहां से हिंदुओं को निकाला जाए और भारत के शेख हसीना की सरकार के साथ रिश्ते खराब हों. अगर वो बांग्लादेश में अपने लक्ष्य में कामयाब हो जाते हैं तो इसका असर सीधा इस इलाके के विकास पर पड़ेगा और पहले से ही घनी आबादी वाले इस राज्य में और रिफ्यूजी आ जाएंगे और यहां की शांति भंग होगी.

देब बर्मन त्रिपुरा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं और उन्होंने सीएए और एनआरसी पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था और एक नई पार्टी शुरू की. उनका कहना कि ये अलग–अलग घटनाएं नहीं है और उन्हें इसमें एक राजनीतिक डिजाइन दिखती है. वो कहते है, ष्ये राजनीति से प्रेरित है क्योंकि जब समाज में धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण होते है तो लोग नौकरियां रोजगार, विकास, शिक्षा नहीं मांगते और सिर्फ हिंदू मुस्लिम के झगड़े में फंस जाते हैं. ये सत्ता में बैठी पार्टी की नाकामी को छुपाने के लिए किया जा रहा है और वो बांग्लेदेश में हुई हिंसा का फायदा उठाना चाहते हैं. वो अगले महीने होने वाले नगर निगम चुनाव को ध्यान में रखकर ये कर रहे हैं. त्रिपुरा तीन तरफ से 856 किलोमीटर लंबे बॉर्डर से बांग्लादेश से घिरा है. लेकिन बांग्लादेश में बहुसंख्यक मुसलमानों द्वारा पूर्व में की गई हिंसा का यहां बहुत असर नहीं देखने को नहीं मिला है, सिवाय कुछ प्रदर्शनों के. 1980 में त्रिपुरा में बंगाली और आदिवासियों के बीच हिंसा हुई थी, जिसमें दोनो हिंदू मुस्लिम शामिल थे. त्रिपुरा में आदिवासी विद्रोह और आजाद देश की असफल मांग को लेकर सशस्त्र विद्रोह का एक लंबा इतिहास रहा है और गैर आदिवासी बंगालियों पर हमला करते रहे हैं, वो उन पर आरोप लगाते हैं कि उन्होंने आदिवासी समुदाय को अल्पसंख्यक में बदल दिया है.

त्रिपुरा कांग्रेस ईकाई ने राज्य की राजधानी अगरतला में हालिया हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा, हमारे मुसलमान भाइयों के साथ त्रिपुरा में हिंसा की जा रही है. हिंदू होने के नाम पर हिंसा और नफरत फैलाने वाले लोग हिंदू नहीं हैं. सरकार कब तक नहीं देखने और सुनने का नाटक करती रहेगी.

सीपीआईएम के विधायक ने कहा, त्रिपुरा में कभी भी हिंदू मुस्लिम झगड़े नहीं हुए हैं. 1992 में जब बाबरी मस्जिद को गिराया गया था तब भी राज्य में सिर्फ दो जगहों कालाछारा और पानीसागर में छिटपुट घटनाएं हुई थीं. यहां सभी समुदाय शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं लेकिन अब सांप्रदायिकता का खतरा बढ़ रहा है, ये कोविड –19 से भी खतरनाक हैष

वहीं, बीजेपी नेताओं का समूह जिनमे सांसद रेबाती त्रिपुरा और विधायक बिनय भूषण दास शामिल थे, हिंसा वाली जगहों पर पहुंचे और वहां रहने वालों से बात की. बिनय भूषण दास ने कहा कि मुख्यमंत्री ने संपत्ति के नुकसान के लिए मुआवजे का एलान किया है. उन्होंने ये भी कहा कि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

उन्होंने कहा, मुमकिन है कि कुछ असामाजिक तत्व रैली में या बाहर से आए हों, और उन्होंने विपक्षी दलों के समर्थन से हिंसा फैलाई हो. पुलिस की जांच में सच सामने आएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. बीजेपी सांसद विनोद सोनकर ने हिंसा के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया, जो त्रिपुरा में अपने पैर पसारने की कोशिश में हैं.

आरोपों पर जवाब देते हुए राज्य में टीएमसी की प्रभारी सुष्मिता देव ने कहा, अगर हिंसा के पीछे तृणमूल है तो बिप्लब देव की सरकार और पुलिस किसी को गिरफ्तार करने में कामयाब क्यों नहीं हो पाई. मुझे लगता है कि सरकार पुलिस की मदद से हिंसा फैला रही है कि बीजेपी के डीएनए में है. पुलिस का कहना है कि उन्होंने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं. हालांकि उत्तर त्रिपुरा जिले के एसपी भानुपाड़ा चक्रवर्ती ने कहा कि पानीसागर इलाके में मस्जिद के जलाए जाने की गलत खबर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही है. –एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग नदी का पानी अचानक काला हो गया. क्या चीन का हाथ ?

नई दिल्ली : चीन ने एक बार फिर भारत के साथ बुरा बर्ताव किया है. दरअसल, अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग नदी का पानी अचानक काला हो गया. इस नदी में मौजूद हजारों मछलियां मरगईं. इसको लेकर जिला मत्स्य पालन अधिकारियों का कहना है कि पानी में कुल विघटित पदार्थों की बढ़ी हुई मात्रा के कारण इसका पानी काला हुआ है. नदी के पास मौजूद सेप्पा इलाके में रहने वाले लोगों ने चीन को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है. चीन में हो रहे निर्माण कार्यों की वजह से नदी का पानी दूषित हो गया जिसके कारण हजारों मछलिया मर गईं. मौतों का कारण टीडीएसकी बड़ी उपस्थिति है बताई गई जिस कारण जलीय प्रजाति पानी न तो ढंग से देख

पाती हैं और न ही आसानी से सांस ले पाती हैं. एक रिपोर्ट के हवाले से कहा गया कि नदी में टीडीएस 6,800 मिलीग्राम प्रति लीटर था, जो सामान्य सीमा 300–1,200 मिलीग्राम प्रति लीटर से काफी अधिक है.

सेपा के निवासियों ने नदी में टीडीएस में वृद्धि के लिए चीन को दोषी ठहराया, आरोप लगाया कि पड़ोसी देश द्वारा निर्माण गतिविधियों के कारण पानी का रंग काला हो गया है. आपको बता दें कि पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट में सियांग नदी नवंबर 2017 में काली हो गई थी. अरुणाचल पूर्व के तत्कालीन कांग्रेस सांसद निनॉन्ग एरिंग ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनके हस्तक्षेप की मांग करते हुए दावा किया कि यह चीन में 10,000 किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण का परिणाम था, जिसने सियांग से शिनजियांग प्रांत में पानी को मोड़ दिया. हालांकि चीन ने इन आरोपों का खंडन किया था.

मदरसों को लेकर भारत नेपाल सीमा पर चौकसी की वजह क्या है...

भारत को अब नेपाल सीमा पर भी ज्यादा चौकसी बरतनी पड़ रही है. क्योंकि भारत–नेपाल सीमा से सटे सिद्धार्थनगर जिले पर पिछले बीस साल में मदरसों और मदरसे की संख्या में चार गुना इजाफा हुआ है. इसमें से ज्यादा मदरसे भारत नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में खुले हैं, जो देश की सुरक्षा एजेंसियों के लिए चौंकाने वाली खबर है.जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थनगर जिले में 597 मदरसे हैं और इसमें से 452 मदरसे पंजीकृत हैं और 145 मदरसों का कोई रिकॉर्ड नहीं है. लिहाजा अब खुफिया एजेंसियां अलर्ट हैं. क्योंकि नेपाल से भारत में कई आतंकी आ चुके हैं.

फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस बात पर नजर रख रही हैं कि जिले में जो मदरसे चले रहे हैं, उनका सरकारी रिकॉर्ड क्यों नहीं हैं और इनको संचालित करने में पैसा कहां से आ रहा है. देश की सुरक्षा

एजेंसियां कई बार खुलासा कर चुकी हैं कि भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए खाड़ी के देशों से फंडिंग आ रही है और ये फंडिंग अवैध मदरसों को दी जा रही है. पिछले दिनों ही यूपी एटीएस ने जिस धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ किया था. उसके पास भी फंडिंग विदेशों से आ रही थी और धर्मांतरण के खेल में बड़े मदरसे भी शामिल थे. जिसके बाद जांच एजेंसियों ने अपने जांच का दायरा बढ़ा दिया था और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया था.

जानकारी के मुताबिक जिले में चल रहे मदरसों के लिए दुबई और खाड़ी देशों से फंडिंग आ रही है और जिसके बाद स्थानीय स्तर पर मदरसे खुल रहे हैं. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1990 में जिले में कुल 16 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हो रहे थे. लेकिन पिछले साल तक इन मदरसों की संख्या बढ़कर 147 हो गई.

जिले के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय कुमार का कहना है कि कोई भी व्यक्ति मदरसा खोल सकता है. लेकिन सरकारी अनुदान केवल मान्यता प्राप्त मदरसों को दी जाती है. वहीं एसएसबी 43 वींवाहिनी के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार का कहना है कि सीमावर्ती इलाके में जिन मदरसों के रिकॉर्ड नहीं हैं, उन पर नजर रखी जा रही है. फिलहाल जिले में मदरसों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं.

किसानों के एक साल से चल रहे आंदोलन का निकलेगा कोई हल

लखनऊः किसान आंदोलन को एक साल पूरा होने जा रहा है, लेकिन सरकार से टकराव के इस लम्बे आंदोलन के बीच लगातार सुखद खबरें आ रही हैं. जनवरी के बाद से किसान नेताओं से बातचीत के दौर का खत्म करने वाली सरकार ने अब गंभीर परिस्थितियों को सामान्य करने की ओर कदम बढ़ाया है. दिल्ली बॉर्डर पर जहां पुलिस द्वारा बेरिकेडिंग को हटाया गया, वहीं यूपी सरकार ने भी किसान नेताओं से समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता प्रारम्भ की. आज लखनऊ में शासन के शीर्ष अधिकारियों ने किसान नेताओं से वार्ता की.

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू के नेताओ व शासन के अधिकारियों से कृषि उत्पादन कार्यालय पर बैठक आयोजित की गयी. जिसमे धान खरीद ,गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं के नियंत्रण, खाद की उपलब्धता, बिजली के

दाम कम करने,किसानों के निजी नलकूप का सामान सामान्य योजना के अंतर्गत निर्गत किये जाने ,कृषि ऋण में किसानों की जमीन नीलाम न किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी.

धान खरीद में 2 नवंबर तक तेजी लाने व खरीद में भ्रष्टाचार करने वालो पर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए पूरे प्रदेश में 3 नवंबर तक सभी क्रय केंद्र चालू कराने के निर्देश दिए जाने पर सहमति बनाई गयी. धान खरीद में सत्यापन का अधिकार लेखपाल को दिए जाने व ऑफलाइन सत्यापन का आश्वासन दिया गया.

बिजली दरे काम करने व सामान्य योजना का सामान निर्गत किये जाने हेतु डाटा मंगाकर समान दिए जाने ,बिजली दरों पर विचार करने का भी आश्वासन दिया गया. 3 दिसम्बर तक शुगर मिलो का इंडेन्ट जारी करने व दीपावली से पूर्व भुगतान का आश्वासन दिया गया. प्रदेश में मांग के अनुसार क्षेत्रवार 10 नवंबर तक आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने का भी आश्वासन दिया गया. उपरोक्त सभी विषयों पर प्रगति को लेकर 8 नवंबर को पुनः बैठक तय की गयी.

बैठक में अवनीश अवस्थी अपर मुख्य सचिव गृह, कृषि उत्पादन आयुक्त, प्रमुख सचिव कृषि, खाद्य आयुक्त, सचिव गन्ना, सचिव बिजली सहित कई अधिकारी मौजूद रहे. भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष राजवीर जादौन, धर्मेन्द्र मलिक,मीडिया प्रभारी, दिगंबर सिंह, हरिनाम सिंह वर्मा, हसीब सिंह, दिलबाग सिंह, बलजिंदर सिंह मान, अनुपम चौधरी, गुरमीत सिंह,सहित 21 लोग मौजूद रहे. –एजेंसी

-:: संक्षिप्त समाचार ::-

अमिताभ ठाकुर जेल से रिहा

दुष्कर्म पीड़िता और उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तारी के समय पुलिस अभिरक्षा में जाने से इनकार व विरोध करने और सरकारी कामकाज में बाधा डालने के आरोपी पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी शुक्रवार को स्वीकार हो गई.

बीएसपी के 6 विधायक आए सपा में

1. असलम राईनी (श्रावस्ती) 2. मुजतबा सिद्दीकी (प्रयागराज) 3. हाकिम लाल बिंद (प्रयागराज) 4. सुषमा पटेल (जौनपुर) 5. असलम चौधरी (हापुड़) 6. हरगोविंद भार्गव (सीतापुर)

यूपी सरकार ने लगाया बैन

उत्तर प्रदेश सरकार ने खराब एयर क्वालिटी को देखते हुए एनसीआर के अपने शहरों समेत कुछ शहरों में किसी भी तरह के पटाखों की बिक्री या जलाने पर पाबंदी लगा दी है.

गैस सिलेंडर के ग्राहकों के लिए जरूरी जानकारी

1 नवंबर से रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी सिलेंडर) की डिलीवरी की पूरी प्रक्रिया बदलने जा रही है. गैस बुकिंग के बाद ग्राहकों के मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा.

जब सिलेंडर डिलीवरी के लिए आएगा तो आपको इस ओटीपी को डिलीवरी बॉय के साथ शेयर करना होगा. एक बार इस कोड का सिस्टम से मिलान हो जाने पर ग्राहक को सिलेंडर की डिलीवरी ही मिलेगी.

नई सिलेंडर डिलीवरी पॉलिसी में उन ग्राहकों की मुश्किलें जिनके पते गलत हैं और मोबाइल नंबर गलत हैं, इस वजह से उन सिलेंडरों की डिलीवरी रोकी जा सकती है. तेल कंपनियों ने सभी ग्राहकों को अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर अपडेट करने की सलाह दी है. ताकि उन्हें सिलेंडर की डिलीवरी लेने में किसी तरह की दिक्कत न हो. यह नियम कमर्शियल (एलपीजी) सिलेंडर पर लागू नहीं होगा. अगर आप इंडेन ग्राहक हैं तो अब से आप पुराने नंबर पर गैस बुक नहीं कर पाएंगे.

इंडेन ने अपने एलपीजी ग्राहकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर गैस बुकिंग के लिए एक नया नंबर भेजा है. अब इंडेन गैस के ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडर बुक करने के लिए 7718955555 पर कॉल या एसएमएस करना होगा.

बता दें कि राज्य की तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर के दाम तय करती हैं. दाम भी बढ़ सकते हैं और राहत भी मिल सकती है. ऐसे में 1 नवंबर को सिलेंडर के दामों में बदलाव किया जा सकता है. अक्टूबर में तेल कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की थी.

–एजेंसी

यूपी पुलिस की गिरफ्त में आया नटवरलाल नीरेश वर्मा

बरेली : यूपी के बरेली में पुलिस ने एक ऐसे नटवरवाल को गिरफ्तार किया है जो मंत्री और सांसद तो कभी उनका जनप्रतिनिधि बनकर पुलिस अधिकारियों को फोन करके अपना काम निकलवाता था. हद तो ये है कि वो महिलाओं की जैसी भी आवाज निकाल लेता था. हालांकि इसके लिए वो एक तरह का साफ्टवेयर इस्तेमला करता था. इस मामले में पुलिस को जब शक हुआ तो उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद सारी हकीकत सामने आ गई और फरेब भी पुलिस के सामने आ गया. पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है.

जानकारी के मुताबिक पुलिस की गिरफ्त में आया नटवरलाल नीरेश वर्मा पिछले दिनों बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य और धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा के नाम से महिला जैसी आवाज निकालकर फोन किया. आरोपी ने एसएसपी बरेली को फोन करके बैरियर वन चौकी इंचार्ज को हटाने के लिए कहा. इसके इंस्पेक्टर को कई बार फोन किया. जब इंस्पेक्टर संजय कुमार को बातचीत करने के अंदाज से शक हुआ तो उन्होंने एसएसपी को बताया. इसके पहले एसएसपी के पास भी दो–तीन बार फोन आ चुका था. इसपर एसएसपी का शक गहराया तो इंस्पेक्टर इज्जतनगर ने जांच पड़ताल शुरू कर दी. पहले पुलिस समझ रही थी कि फर्जी सांसद बनकर कोई महिला फोन कर रही है. बाद में पता चला कि नीरेश ही सॉफ्टवेयर की मदद से अपनी आवाज को महिला की आवाज में बदल देता है.

बता दें कि इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले लोटन सिंह के प्लॉट का लंबे समय से विवाद चल रहा है. दूसरे पक्ष का कार्य रुकवाने के लिए नीरेश ने लोटन सिंह से 20 लाख रुपये लिए थे. जब वो काम नहीं कर पाया तो 10 लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन बाकी पैसे वापस नहीं किया था. इसी के चलते उसने सांसस बनकर बात की और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण चौकी इंचार्ज ब्रजेश कुमार को हटाने के लिए कहा. पुलिस ने बताया कि पहले वह खुद सांसद का पीए बनकर फोन मिलाता था फिर बताता था कि सांसद जी बात करेंगी. इसके बाद खुद बात करता था, लेकिन सॉफ्टवेयर से उसकी आवाज महिला की आवाज में बदल जाती थी. दूसरी तरफ फोन सुनने वाले अधिकारी को लगता था कि सांसद ही बोल रही हैं.

पुलिस को नीरेश के पास से तीन मोबाइल और चार सिम कार्ड मिले हैं. एक मोबाइल कीपैड वाला है. जिसमें चाइनीज मोबाइल में मैजिक वायर चौंजर सॉफ्टवेयर पड़ा है, जिसके जरिए ही वह आवाज बदलता था. जांच पड़ताल में पता चला कि छह माह से नीरेश इन सिम का इस्तेमाल कर रहा था. पुलिस को एक कार भी मिली है. जो दिल्ली नंबर की है. कार पर सायरन भी लगा है. उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो भी बना है. इस मामले में पुलिस अधिकारी रोहित सिंह जजवाण का कहना है कि एक जमीन के मामले में कई बार फोन आया तो शक हुआ. जब आरोपी की गिरफ्तारी हुई तो सारी हकीकत सामने थी.

नकली खाद बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़

आगराः उत्तर प्रदेश के आगरा में कृषि विभाग ने रहनकला में ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली खाद (नाइट्रोजन फास्फोरस पोटाश) बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया. यहां डिटरमेंट, जिप्सम और सोडा मिलाकर नकली खाद बनाया जा रहा था.टीम ने 543 बोरो में 277.5 क्विंटल नकली खाद समेत मशीनें जब्त की हैं. पुलिस ने ट्रक भी जब्त किया है. डीएम को भी रिपोर्ट दे दी है.

जिला कृषि अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि रहनकला में शुक्रवार की देर रात को पुलिस के साथ गोदाम पर छापा मारा. गोदाम में ट्रक से बोरे से उतर रहे थे. यहां पर प्रशांत कुमार मिला, जिसने बताया कि वह ओम ट्रेडर्स जीवनीमंडी के श्रीभगवान गुप्ता निवासी बल्केश्वर का कर्मचारी है और उनके कहने पर बोरों की गिनती करने के लिए आया है. यहीं पर ठेकेदार रामनारायण भी मिला, उसने बताया कि संजय पुत्र लीलाधर के कहने पर आठ मजदूरों को लेकर बोरा उतरवाने आया है. पूछताछ में उन्होंने नकली खाद बनाकर बाजार में आपूर्ति की बात कही. इस पर ट्रेडर्स के मालिक श्रीभगवान गुप्ता, फतेहाबाद के मोहल्ला जाटवन निवासी संजय पुत्र लीलाधर, यहीं के निवासी प्रशांत कुमार पुत्र संजय, एत्मादपुर के गढ़ी बच्ची निवासी ठेकेदार रामनारायण और प्लाट मालिक मनोज भार्गव के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश–1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम –1955 के तहत एफआइआर दर्ज कराई है.

ब्रांडेड कंपनी के खाली 586 बैग, दो इलेक्ट्रोनिक तराजू, एक सिलाई मशीन और धागा, प्लास्टिक की कट्टियां 12(प्रति पैकेट 50 किलो) , सफेद पाउडर से भरे पैकेट 43 (प्रति पैकेट 50 किलो) और जिप्सम ग्रेनुअल से भरे सफेद पैकेट 500 (प्रति पैकेट 50 किलो) मिला.

चीन के डिटेंशन सेंटरों में मानव अंगों की कालाबाज़ारी?

चीन में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने इन उइगर मुसलमानों के अंगों की कालाबाजारी कर अरबों रुपए की कमाई की है.समाचार पत्र श्हेराल्ड सनश की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब डेढ़ लाख लोगों को यहां जबरन कैद कर रखा गया है. कैद के दौरान जबरदस्ती इन मुसलमानों के महत्वपूर्ण शारीरीक अंग जैसे, किडनी और लिवर जबरन निकाले जा रहे हैं और उनकी कालाबाजारी जा रही है.

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्थित एक मॉर्निंग टैब्लॉइड अखबार की रिपोर्ट में इस बारे में कई खुलासे किए गए हैं कि कैसे एक स्वस्थ लिवर लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये प्राप्त करता है और इस व्यापार में चीन को सलाना 75 अरब रुपये के आसपास की सलाना कमाई होती है. गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब चीन के डिटेंशन सेंटरों में मानव अंगो की कालाबाजारी की गई हो. इससे पहले भी कई बार चीन पर इस तरह के आरोप लग चुके हैं. इस साल की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (यूएनएचआरसी) ने कहा कि उइगर, तिब्बतियों, मुसलमानों और ईसाइयों सहित अल्पसंख्यकों के आंगों की तस्करी से मानवाधिकार विशेषज्ञ बेहद चिंतित हैं.

चीन ने शिनजियांग प्रांत में उइगर आबादी की निगरानी और नियंत्रण के लिए नए आंतरिक और बाहरी तंत्र विकसित किए हैं. इनमें प्रबंधकों को शामिल करने की नई प्रणाली बनाई गई है, जिन पर कम से कम 10 उइगर परिवारों की निगरानी करने की जिम्मेदार होगी. इसी तरह चीन इन दिनों तिब्बत पर भी अपना विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है. इनपर सीसीटीवी कैमरों से हर वक्त कड़ी नजर रखी जाती है. जिस इलाके में यह रहते हैं उस इलाके से इन्हें निकलने तक की मनाही है और कई जगहों पर बैरियर लगाए गए हैं ताकि वो इस इलाके से बाहर ना जा सकें. शिनजियांग व तिब्बत दोनों ही प्रांतों में मानवाधिकारों के घोर हनन के आरोप हैं.

वहीं द संडे मॉर्निंग हेराल्ड में लिखते हुए एरिक हैगशॉ ने कहा है कि एरिक हैगशॉ ने बताया कि तिब्बत और शिनजियांग में नजरबंदियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है क्योंकि चीन का पूरा फोकस इन दोनों प्रांतों पर है. चीन यहां पर अपनी संस्कृति लादना चाहता है, ताकि उइगरों और तिब्बतियों की धार्मिक पहचान खत्म की जा सके. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों को बिना इन्हें पूर्व में सूचित किये ही नष्ट किया जा रहा है.

–एजेंसी

बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य अनुज कुमार सिंह ने ली राजद की सदस्यता

औरंगाबादः (बिहार) आज 28 अक्टूबर 2021 को गया जिले के पूर्व, बिहार विधान परिषद, सदस्य एवं जिला परिषद, चेयरमैन, रह चुके, अनुज कुमार सिंह को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलाने के लिए खुद प्रतिपक्ष नेता, तेजस्वी प्रसाद यादव औरंगाबाद पहुंचे.

ऐसे तो यह कार्यक्रम राष्ट्रीय जनता दल मिलन समारोह के नाम पर आयोजित हुआ. इस संबंध में संवाददाता ने भी अप्रैल 2021 में ही प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था कि बिहार विधान परिषद, औरंगाबाद, के उम्मीदवार हो सकते हैं, गया के पूर्व एम0एल0सी0, अनुज कुमार सिंह. ध्यातव्य हो कि बुधवार दिनांक 27 अक्टूबर 2021 को जब मुख्यालय स्थित निवास स्थल पर अनुज कुमार सिंह से संवाददाता की सुबह में मुलाकात हुई, तो सर्वप्रथम श्री सिंह से सवाल पूछा कि आपका राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की ओर से औरंगाबाद सीट पर विधान परिषद, सदस्य, हेतु उम्मीदवार बनने पर कई लोगों का कहना है कि ये तो बाहरी प्रत्याशी हैं.

